# संवरने लगा टनकपुर हाईवे का फुटपाथ, डाली जा रही मिट्टी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



टनकपुर हाईवे किनारे फुटपाथ पर जेसीबी से डाली जा रही मिट्टी।

- सड़क और फुटपाथ समतल न होने से पलट जाते हैं वाहन

**अमृत विचारः** सड़क सुरक्षा मुहिम के तहत टनकपुर हाईवे के फुटपाथ दुरुस्त करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। हाईवे के किनारे फुटपाथ पर मिट्टी डालकर इसे समतल किया जा रहा है।

टनकपुर हाईवे से सर्वाधिक बड़े वाहनों आवागमन रहता है। क्षतिग्रस्त होने के कारण शहर के भीतर टनकपुर हाईवे को दुरुस्त किया जाता रहा है। बार-बार सड़क बनने से हाईवे तो ऊंचा हो गया, लेकिन फुटपाथ नीचा रह गया। सड़क ऊंची और फुटपाथ नीचा होने से अक्सर वाहन पलट रहे हैं। पिछले कुछ सालों से इस हाईवे के चौड़ीकरण के प्रयास चल रहे हैं, लेकिन मामला अधर में लटका हुआ है। इधर, चार दिन पहले डीएम संजय कुमार सिंह व एसपी अविनाश पांडेय ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में ब्लैक स्पॉटों का चिह्नीकरण कर सुधार कार्य कराने के साथ एनएचएआई के अधिकारियों को हाईवे के फुटपाथ को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए थे। इस पर शनिवार को एनएचएआई अधिकारियों के निर्देश पर टनकपुर हाईवे के फुटपाथ पर मिट्टी डालकर समतल करने का कार्य शुरू कर दिया गया। किनारे से खोदाई करके मिट्टी को फुटपाथ पर डाला जा रहा है। इससे फुटपाथ के पास गड्ढे बनते जा रहे हैं, जो खतरनाक साबित होंगे।

### बढ़ रहा मल्टीग्रेन आटे का चलन, लोग गेहूं के साथ पिसवा रहे जौ और चना, पैकेट वाला आटा छोड़ अपना रहे पुराना तरीका

# जो समझ रहा सेहत का राज, वो खा रहा मोटा अनाज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



एक दुकान पर रखा मल्टीग्रेन आटा।

**अमृत विचारः** खुद को आधुनिक और बड़ा आदमी साबित करने के चक्कर में लोग पैकेट बंद मैदा खा रहे हैं। वहीं कुछ ऐसे लोग हैं, जो चक्की पर गेहूं ले जाकर उसे पौष्टिक बनाने को उसमें श्री अन्न (जौ, महुआ, बाजरा, मक्का आदि) मिलाकर आटा बनवा रहे हैं। क्योंकि डॉक्टर भी फाइबर वाले आटा इस्तेमाल करने के बजाय मोटे अनाजों को गेहूं के साथ पिसवाकर खाने की सलाह दे रहे हैं। बाजार में मल्टीग्रेन आटे की बढ़ती मांग को देखते हुए कुछ व्यापारियों ने गुणवत्तापरक मल्टीग्रेन आटा बनवाकर बिक्री शुरू कर दी है।

बाजार में बिक रहे ब्रांडेड आटा स्वाद और देखने में भले ठीक हों, लेकिन सेहत के लिए फायदेमंद नहीं हैं। शहर में आटा चक्कियों की संख्या बहुत कम है, लेकिन वहां लगने वाली भीड़ इस बात की गवाही दे रही है कि लोग सेहत के प्रति धीरे-धीरे जागरूक हो रहे हैं। इस भीड़ में आम और खास सभी शामिल हैं।

आलम यह है कि आजकल आटा चक्की के पास लग्जरी गाड़ियां भी रुक रही हैं तो साइकिल और बाइक वाले भी पहुंच रहे हैं। लग्जरी गाड़ियों से उतरने वाले अलग-अलग तरह के मोटे अनाज के पैकेट लाते हैं। शहर के लेखराज चौराहा के समीप गेहूं के साथ मोटे अनाज का आटा बनाने वाले मुकेश कुमार ने बताया कि करीब 25 फीसदी लोग गेहूं के साथ मोटा अनाज पिसवाने वाले आते हैं। हालांकि धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़ रही है। इसमें कुछ लोग तो स्वयं जागरूकता वश गेहूं के साथ मोटे अनाज जैसे जौ, बाजरा, मक्का, चना, रागी, सोयाबीन आदि पिसवाते हैं, वहीं डॉक्टरों की सलाह पर मोटे अनाज का आटा पिसवाने वालों की संख्या अधिक रहती है।

### बाजार में बढ़ रही मोटे अनाज और मल्टीग्रेन आटे की मांग

कुछ दशक पहले लोग जौ एवं बाजरा, कोदों से बनी रोटियां की खाते थे। मगर समय बदलने के साथ जौ-बाजरे की जगह पैकेट वाले सफेद आटे ने ले ली। हालांकि इससे लोग बीमारियों की गिरफ्त में आने लगे हैं। डॉक्टर उच्च फाइबर वाले मल्टीग्रेन आटे का इस्तेमाल करने सलाह दे रहे हैं। बाजार में मल्टीग्रेन आटे की बढ़ती मांग को देख विभिन्न कंपनियों ने अपने ब्रांड बाजार में उतार दिए है। मगर, बाजार में सेहत से भरपूर होने का दावा करने वाले अधिकांश मल्टीग्रेन आटे में मोटे अनाज की मात्रा 10 फीसदी ही होती है। इससे कुछ दुकानदारों एवं उपभोक्ताओं ने आटा चक्की पर जाकर गेहूं के साथ मोटे अनाज पिसवाना शुरू कर दिया है। वहीं मोटा अनाज बेचने वाले दुकानदारों का कहना है कि मोटा अनाज मिश्रित आटा गेहूं के आटे से महंगा होता है। इसकी वजह यह है कि मोटा अनाज बाहर से आता है। इस वजह से इन अनाजों की कीमत अधिक है।



मोटे अनाज में पौष्टिक तत्व अधिक होते हैं। फाइबर के कारण पाचन तंत्र भी अच्छा रहता है। मोटे अनाज धीरे-धीरे पचते हैं, इस कारण शुगर लेवल भी अचानक नहीं बढ़ता। शुगर, ब्लड प्रेशर समेत अन्य बीमारियों में मोटे अनाज फायदेमंद है।

– **डॉ. रमाकांत सागर**, वरिष्ठ फिजिशियन, मेडिकल कॉलेज

### मल्टीग्रेन आटा कई मायनों में बेहतर



किराना स्टोर संचालक अंकित अग्रवाल कहते हैं कि मल्टीग्रेन आटा स्वास्थ्य के लिए कई मायनों में बेहतर होता है। इस आटे का सेवन लोग पौष्टिक आहार के रूप में तो करते ही हैं, साथ ही यह मल्टीग्रेन आटा डायबिटिक एवं यूरिक एसिड से ग्रस्त मरीजों के लिए अधिक फायदेमंद होता है। बाजार में मल्टीग्रेन आटे की बढ़ती डिमांड और ग्राहकों तक गुणवत्तापरक मल्टीग्रेन आटा पहुंचे, इसके लिए उन्होंने स्वयं ही अपनी देखरेख में मल्टीग्रेन आटा तैयार करवाकर बिक्री करना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि बेहतर होगा कि लोग स्वयं ही आटा चक्की पर गेहूं के साथ मोटे अनाज ले जाकर पिसवाएं। मोटा अनाज एक निश्चित मात्रा में ही गेहूं के साथ पिसवाना चाहिए। **–अंकित अग्रवाल**



आने वाली पीढ़ी के लिए अच्छी बात है कि उन्होंने मल्टीग्रेन आटे का सेवन करना शुरू कर दिया है। पहले के लोग बीमार कम हुआ करते थे। इसकी वजह यही थी कि वह जौ, बाजरा, कोदो की रोटियों के साथ पौष्टिक खाने का सेवन करते थे। पुराना दौर फिर से लौट रहा है। मेरा परिवार भी कुछ सालों से मल्टीग्रेन आटे का इस्तेमाल कर रहा है। **–अनिल मैनी**



मेरे परिवार के बड़े बुजुर्ग पहले से मोटे अनाज से बना आटे का इस्तेमाल करते थे। धीरे-धीरे यह परंपरा खत्म सी हो गई थी। अब फिर से लोगों का रुझान मल्टीग्रेन आटे की ओर बढ़ा है। यह पूरे परिवार की सेहत के लिए जरूरी है। मेरा पूरा परिवार ही मल्टीग्रेन आटे से बनी रोटियों का सेवन करता है।

**– राजेंद्र सिंह छाबड़ा**

# हाईवे पर अस्पताल के बाहर खड़ी बाइकों का किया चालान, अवैध ठेला-खोखा हटाए

### सड़क सुरक्षा मुहिमः छतरी चौराहा से गन्ना तिराहा तक चला अतिक्रमण विरोधी अभियान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



गन्ना तिराहे पर फुटपाथ से खोखा हटाते कर्मचारी। • अमृत विचार


अस्पताल के बाहर बाइक का चालान करते एआरटीओ।

- अधिकारियों ने फिर अतिक्रमण करने पर दी कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

**अमृत विचारः** डीएम संजय कुमार सिंह व एसपी अविनाश पांडेय के निर्देश पर अतिक्रमण विरोधी अभियान तीसरे दिन शनिवार को भी जारी रहा। शनिवार को शहर के छतरी चौराहा से गन्ना तिराहा तक टनकपुर हाईवे के दोनों किनारों से खोखा और ठेला हटवाए गए। एक अस्पताल के बाहर बेतरतीब खड़े वाहनों का चालान किया गया। इस दौरान दुकानदारों को दोबारा अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई।

सड़क सुरक्षा मुहिम के तहत शनिवार को एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह की देखरेख में नगर पालिका टीम ने अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। अभियान टनकपुर हाईवे पर शहर के छतरी चौराहे से लेकर गन्ना तिराहे तक चलाया गया। अभियान की शुरुआत छतरी चौराहा से की गई। यहां चौराहे के आसपास लगे ठेलों को हटवाया गया। दुकानों के बाहर रखे बोर्डों को हटवाए गए। साथ ही दोबारा दुकानों के बाहर बोर्ड न रखने की चेतावनी दी गई। अभियान के दौरान चौराहे के समीप ही एक अस्पताल के बाहर बेतरतीब ढंग से खड़ी बाइकों व अन्य वाहनों का चालान किया गया। यहां भी कुछ ठेले और खोखे रखे थे। टीम ने सभी खोखा और ठेला हटवाने के साथ दोबारा हाईवे के किनारे दुकानें न लगाने को कहा।

हाईवे के किनारे अवैध तरीके से खुले वाशिंग सेंटरों के पाइप काट दिए गए। हाईवे पर ही एक होटल के सामने किनारे डेरा जमाए लोहारों को भी हटवाया गया। अशोक कॉलोनी गेट के आसपास लगे ठेला और खोखा हटवा दिए गए। गन्ना तिराहा के आसपास रखे खोखे और ठेलों को हटवाया गया। इधर, देर शाम तक टनकपुर हाईवे किनारे खोखे और दुकानों को चिह्नित कर हटाने की चेतावनी दी गई। अभियान में एसडीएम सदर के अलावा एआरटीओ वीरेंद्र सिंह, नगर पालिका ईओ लाल चंद भारती, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण अनिल चौधरी व अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

# कम गेहूं खरीद पर क्रय केंद्र प्रभारी निलंबित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** जनपद में गेंहूं खरीद को लेकर अधिकारी एक्शन मोड में है। नोटिस देने के बावजूद गेंहूं खरीद में लापरवाही बरतने पर सहायक निबंधक सहकारिता डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने बिलसंडा सहकारी संघ लि. बीसलपुर मंडी नवम के क्रय केंद्र प्रभारी रजनीश कुमार को निलंबित कर दिया। उन पर यह कार्रवाई जनपद स्तरीय कमेटी द्वारा लिए गए निर्णय के बाद की गई है।

सहायक निबन्धक सहकारिता डॉ. प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि 12 अप्रैल को कम खरीद मिलने पर क्रय केंद्र प्रभारी रजनीश कुमार का वेतन अवरुद्ध किया गया था। साथ ही दो दिन के भीतर अपेक्षित खरीद करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद प्रगति न मिलने पर केंद्र प्रभारी को 16 अप्रैल को निलंबन पूर्व नोटिस जारी किया गया था।

इसके बावजूद संबंधित के द्वारा गेहूं खरीद में कोई प्रगति नहीं की गई। 25 अप्रैल को भी नोटिस जारी करते हुए लक्ष्य के सापेक्ष खरीद करने के निर्देश दिए गए थे। लगातार नोटिस देने के बावजूद केंद्र प्रभारी द्वारा गेहूं खरीद करने का प्रयास नहीं किया गया। जनपद स्तरीय कमेटी के निर्णय पर शनिवार को केंद्र प्रभारी को निलंबित कर दिया गया।

VARDAN GROUP OF INSTITUTIONS VGI BAREILLY
वरदान कॉलेज ऑफ नर्सिंग
ग्राम कैमुआ, आँवला, बदायूं रोड, बरेली, पिन-243402
यू.पी. स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा संबंद्ध
इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आई.एन.सी) दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
हेल्थकेयर क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर




संस्थान में संचालित पाठ्यक्रम
जी.एन.एम. | ए.एन.एम. | ओ.टी. टैक्नीशियन
कॉल करें-0581-2510507, 9412193065, 9720282723
नगर कार्यालय
वरदान हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर, ईसाईयों की पुलिया, श्यामगंज, बरेली-243001
ई-मेल : vardancollege1@gmail.com | वेबसाईट : www.vardangroupofinstitution.com

# कर्मचारियों को देना होगा अपनी संपत्तियों का ब्योरा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीपीआरओ ने सभी एडीओ, सचिवों एवं कार्यालय स्टाफ को दिए निर्देश
- एक सप्ताह में सभी को देना होगा चल-अचल सम्पत्ति का ब्योरा

**अमृत विचारः** पंचायत विभाग में तैनात कर्मचारियों को अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा देना होगा। जिला पंचायत राज अधिकारी ने पंचायत विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को सप्ताह भर के भीतर अपनी चल-अचल संपत्ति का ब्योरा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। इसका विवरण मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा।

पंचायती राज विभाग के निदेशक ने राज्य कर्मचारियों द्वारा नियमानुसार चल-अचल संपत्ति का विवरण दर्ज कराए जाने का निर्देश जारी किया है। इसमें कहा गया कि कर्मचारियों के पास कितनी चल-अचल संपत्ति है, इसका ब्योरा विभाग को उपलब्ध कराएं। इसके बाद विभाग के माध्यम से उसे मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। शासन का उद्देश्य है कि अगर किसी कर्मचारी का नाम घोटाला या घपलेबाजी प्रकरण में आया तो उसकी संपत्ति आदि की आसानी से जांच हो पाएगी। पंचायत विभाग में कार्यरत कर्मचारी अपनी नियुक्ति तिथि से हर पांच साल तक की अपनी संपत्ति का ब्योरा देंगे। इधर, जिला पंचायत राज अधिकारी ने सभी सहायक विकास अधिकारी पंचायत, सभी ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, सभी सफाई कर्मी एवं कार्यालय में तैनात सभी कर्मचारियों को चल-अचल संपत्ति का ब्योरा एक सप्ताह के भीतर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। निर्धारित तिथि पर ब्योरा उपलब्ध न कराने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिला पंचायत राज अधिकारी के इस आदेश से महकमे के कर्मचारियों में खलबली मची हुई है।

> शासन के निर्देशानुसार विभाग में कार्यरत कर्मचारियों से चल-अचल संपत्ति का विवरण उपलब्ध कराने को निर्देशित किया गया है। सभी को एक सप्ताह में ब्योरा उपलब्ध कराने को कहा गया है। प्राप्त विवरण को मानव संपदा पोर्टल पर अपलोड किया जाना है।
>
> – **सतीश कुमार**, जिला पंचायत राज अधिकारी

### समारोह में आईएएस प्रियंका का होगा सम्मान

**पीलीभीत।** शहर के एक होटल में सोमवार 29 अप्रैल को होने वाले सम्मान समारोह में नवचयनित आईएएस प्रियंका यादव को सम्मानित किया जाएगा। यह कार्यक्रम गन्ना राज्यमंत्री संजय गंगवार की ओर से आयोजित किया जा रहा है। गन्ना राज्य मंत्री के निर्देश पर शनिवार को उनके अनुज विजय सिंह गंगवार राजीव कॉलोनी जाकर प्रियंका के पिता जवाहर लाल और माता सरोज यादव से मुलाकात कर सम्मान समारोह की जानकारी दी। राज्यमंत्री ने प्रियंका के परिजनों से फोन पर वार्ता कर बधाई दी। विजय सिंह गंगवार ने बताया कि राज्यमंत्री की ओर 29 अप्रैल को होटल सिल्वर लीफ में सुबह 10 बजे सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। आईएएस प्रियंका यादव 29 अप्रैल को पीलीभीत आ रही हैं।

नर्सिंग है अधिक रोजगार वाला क्षेत्र
B.Sc. NURSING
प्रवेश हेतु 25.04.2024 से आवेदन
Website : http://www.abvmuup.edu.in
प्रवेश परीक्षा (CNET) दिनांक 14.06.2024
निःशुल्क कोचिंग
Mob.: 9410405769, 7599203105
महेन्द्र गायत्री स्कूल ऑफ नर्सिंग
रहपुरा रोड, फतेहगंज पश्चिमी, बरेली
Clinical Training
★ महेन्द्र गायत्री सुपर स्पेसियेलिटी हॉस्पिटल, बरेली
★ महाराणा प्रताप संयुक्त जिला अस्पताल, बरेली
★ C.H.C. मीरगंज एवं खिरका, फतेहगंज पश्चिमी
★ इन्स्टीट्यूट ऑफ मेन्टल हेल्थ एवं अस्पताल, आगरा

# यूनिक फैशन एंड लाइफस्टाइल प्रदर्शनी के लीफलेट का विमोचन


लीफलेट का विमोचन करती जेसीआई की पदाधिकारी। • अमृत विचार

संवाददाता, पीलीभीत

- जेसीआई ने प्रदर्शनी की रूपरेखा की तैयार, पांच मई से होगा आयोजन

**अमृत विचार :** जेसीआई पीलीभीत पर्ल्स द्वारा अलबेली-द यूनिक फैशन एंड लाइफस्टाइल प्रदर्शनी 2024 को लेकर बैठक की गई। सीआई की ओर से शानिवार को कार्यक्रम आयोजित कर क्लब की अध्यक्ष जेसी गरिमा बंसल, प्रदर्शनी निदेशक जेसी रीना अग्रवाल, जेसी निधि अग्रवाल, संस्थापक अध्यक्ष जेसी भावना कौशिक, पूर्व अध्यक्ष जेसी करिश्मा सैहमी, जेसी नेहा अरोड़ा, जेसी रोशनी बग्गा, सचिव जेसी आदिति सक्सेना ने अलबेली द यूनिक फैशन एंड लाइफस्टाइल प्रदर्शनी लीफलेट का विमोचन किया।

अध्यक्ष जेसी गरिमा बंसल ने बताया कि जेसीआई पीलीभीत पर्ल्स लाइफस्टाइल प्रदर्शनी आयोजित कर रहा है। जो पांच मई से ऑकेजन बैंकेट हॉल में दोपहर 12 से होगा। इसमें ड्राइंग प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता समेत कई प्रतियोगिताएं भी कराई जाएंगी। किड्स जोन भी बनाया जा रहा है। जिसमें बच्चों के लिए झूले लगाए जाएंगे। इस प्रदर्शनी में डिजाइनर्स आकर्षक कपड़े, एंटीक ज्वैलरी, मनोरंजन की सामग्री, हैंडमेड चॉकलेट, बिस्कुट, कढ़ाई आदि की स्टॉल लगाए जाएंगे।

FUTURE
Learn · Assimilate · Transcend
BAREILLY
MEGA JOB FAIR
SATURDAY 4 MAY 2024
Eligibility: Fresher or Experienced
B.Tech., MBA, MCA, BBA, BCA, ITI, B.Pharm., D. Pharm., Polytechnic, Graduate
Apply with 2 Photo, Resume, Xerox copy of Original Testimonials & Aadhar Card
VENUE: FUTURE CAMPUS
Helpline: 7310885573
Excel in ACADEMICS
Enjoy the PLACEMENTS
www.futureinstitutions.org



ENGINEERING • MANAGEMENT • PHARMACY • MEDICAL SCIENCES
AYURVEDIC MEDICAL SCIENCES • TEACHER'S EDUCATION
Campus: Bareilly-Lucknow Road, Near Faridpur, Bareilly Ph.: 9917480040, 9012313333

# डिवाइडर तोड़कर बना लिए कट, हादसों को दावत

## लखीमपुर से ओयल तक डिवाइडर पर आठ से दस जगह हैं अवैध कट, बंद करने की सुधि नहीं ले रहा विभाग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** लखीमपुर-सीतापुर हाइवे के डिवाइडर को लोगों ने जगह-जगह पर क्षतिग्रस्त कर अवैध रूप से रास्ता बना लिया है। इसका उपयोग बाइक सवार आवागमन के लिए कर रहे हैं। जबकि हाइवे पर अवैध कटों से आना-जाना कभी भी जानलेवा बन सकता है। डिवाइडर एक जगह नहीं बल्कि जिले की सीमा में कई जगह क्षतिग्रस्त है। इसकी जानकारी होने के बाद भी जिम्मेदार इन्हें बंद न कराकर हादसा होने का इंतजार कर रहे हैं।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में हर बार हाइवे के अवैध कट बंद करने के लिए निर्देश दिए जाते रहे। मगर, जिम्मेदारों की उदासीनता का आलम यह है कि हादसों की वजह बन रहे ये अवैध कट आज तक नहीं बंद हुए। एलआरपी चौराहे से सीतापुर जाते समय जिले की सीमा में इस तरह के अवैध कट कदम-कदम पर देखे जा सकते हैं, जिनकी संख्या दर्जनों में है। एलआरपी के आगे बढ़ते ही कुछ गांव हाइवे किनारे बसे हैं तो कुछ 400 से 500 मीटर की दूरी पर। जिले की सीमा मरखापुर तक एक दर्जन से अधिक जगहों पर डिवाइडर को क्षतिग्रस्त कर लोग जान जोखिम में डालकर बाइक आदि से निकल रहे हैं, वह भी सिर्फ कुछ पल का समय बचाने के लिए। ऐसे में अचानक बाइक आदि के सामने आने से स्पीड में आ रहे बड़े वाहन नियंत्रण खोकर अनियंत्रित हो सकते हैं। इससे कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।



पिपरिया गांव के निकट हाइवे पर बना अवैध कट। ● अमृत विचार



क्षतिग्रस्त डिवाइडर से होकर निकलता बाइक सवार। ● अमृत विचार



बाइक से निकलने के लिए क्षतिग्रस्त किया गया डिवाइडर। ● अमृत विचार

### जिला अस्पताल जाने वाले रास्ते के पास बना अवैध कट

लखीमपुर-सीतापुर हाइवे पर ओयल कस्बे से पहले मोतीपुर गांव में जिला अस्पताल है, जो हाइवे से करीब 500 मीटर दूर है। गांव के लोगों ने कुछ दूरी पर डिवाइडर क्षतिग्रस्त कर बाइक से निकलने भर का रास्ता बना लिया है। जिससे ग्रामीण जान जोखिम में डालकर आवागमन कर रहे हैं।

### ओयल कस्बे में कई जगह डिवाइडर पर बने हैं कट

लखीमपुर-सीतापुर हाइवे पर स्थित ओयल कस्बे में ही डिवाइडर पर कई जगह अवैध कट बना लिए गए हैं। लोग पैदल से लेकर दो पहिया वाहनों से इसी से होकर निकलते हैं। जबकि कस्बे में हाइवे के दोनों तरफ अतिक्रमण होने और इन अवैध कटों से लोगों की आवाजाही कभी भी हादसे की वजह बन सकती है।

"लखीमपुर सीतापुर हाइवे पर लोगों द्वारा बनाए गए अवैध कट के बारे में जानकारी नहीं है। इन अवैध कट को चिह्नित करवा कर प्राथमिकता के आधार पर बंद कराया जाएगा। -**एके झा**, एक्सईएन सीडी वन-पीडब्ल्यूडी

# हादसे की वजह बन रहे सड़क पर खड़े हाइटेंशन लाइन के खंभे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** खीरी रोड पर हाईटेंशन लाइन के खंभे हटाए बिना सड़क का चौड़ीकरण हो गया। बिजली के खंभे अब एक मीटर रोड के अंदर आ गए हैं, जिनसे हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। शुक्रवार को वाहन की ठोकर से हाईटेंशन लाइन का खंभा झुक गया। गनीमत रहीं की खंभा गिरा नहीं वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

कोरोना काल के दौरान नगर पालिका ने सौजन्या तिराहे से नहरिया तक सड़क का चौड़ीकरण कराकर डिवाइडर बनवाया। पालिका प्रशासन की अनदेखी के चलते चौड़ीकरण के दौरान हाईटेंशन लाइन के खंभे करीब एक मीटर सड़क में आ गए हैं, जिनसे आए दिन बड़े हादसे की आशंका बनी रहती है। शुक्रवार को कुछ हुआ भी ऐसा, बताते हैं कि एक वाहन की ठोकर से हाईटेंशन लाइन का खंभा गिरते-गिरते बचा। लोगों का कहना है कि यह तो गनीमत रही कि विद्युत पोल गिरा नहीं, यदि यह पोल गिर जाता तो तमाम लोग इसकी चपेट में आ जाते।



चौड़ीकरण के बाद सड़क पर आए खंभे।





नहरिया के निकट झुका खंभा।

- **शुक्रवार को वाहन की टक्कर से झुक गया हाईटेंशन लाइन का खंभा**

"खीरी रोड पर एक खंभा ठोकर लगने से झुक गया है। इसे दुरुस्त कराने के लिए जेई से कह दिया है। वहीं खंभा लगाने के दौरान उचित जगह का ध्यान रखा जाएगा। -**शैलेंद्र कुमार**, अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड प्रथम

### नहीं दिया जा रहा ध्यान

खीरी रोड से जिले के आला अधिकारियों से लेकर मंडलीय अधिकारियों के अलावा मंत्रियों आदि का आवागमन होता रहता है। सभी लोग इसी रास्ते होकर शहर में आते हैं। मगर, हर कोई सड़क में आ रहे खंभों की अनदेखी कर रहा है।

### हादसा होने की यह है वजह

बिजली के पोल दूर से ही सड़क पर नजर आते हैं। इनकी वजह से रोड की चौड़ाई भी प्रभावित है। शहर के भीतर रोडवेज बस अड्डा होने की वजह से बसों का दिन-रात आवागमन और नो इंट्री खत्म होने के बाद शहर में ट्रकों का भी आवागमन शुरू हो जाता है। ऐसे में रात के समय में इनके ड्राइवरों की जरा सी चूक इनमें मौजूद लोगों से लेकर शहरवासियों के लिए मुसीबत बन सकती है।

# जंगल में वाहन तेज चलाने पर लगेगा जुर्माना

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक फील्ड डायरेक्टर ललित कुमार वर्मा ने ईको टूरिज्म को लेकर दुधवा नेशनल पार्क के सभागार में वनाधिकारियों के साथ एक बैठक की। बैठक में नेचर गाइड व जिप्सी-जिनॉन चालक भी शामिल हुए। उन्होंने जंगल में तेज गति से वाहन चलाने पर जुर्माना लगाने के आदेश दिए।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक ललित कुमार वर्मा ने कहा कि पर्यटकों को भ्रमण कराते समय वाहन चालक स्पीड का विशेष ध्यान रखें। निर्धारित स्पीड से ही वाहनों को चलाएं। पर्यटकों को घुमाने के दौरान तेज गति में वाहन न चलाया जाए। ओवर स्पीड वाहन चलाने पर पहली बार 2000 रुपये, दूसरी बार 5000 रुपये और और तीसरी बार पकड़े जाने पर 15 दिन के लिए वाहन को पार्क से बाहर कर दिया जाएगा। वाहन चालकों व गाइडों को अपनी पूरी ड्रेस में ही रहकर पर्यटकों को वन भ्रमण कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि भ्रमण के दौरान सामने आए वन्यजीवों के उत्कृष्ट श्रेणी के फोटोग्राफ रेंज कार्यालय आकर जमा करें। वाहन में डस्टबिन रखें।

बैठक में डीटीआर उपनिदेशक डॉ. रंगा राजू टी, वन्य जीव प्रतिपालक किशनपुर धर्मेंद्र द्विवेदी, वन्य जीव प्रतिपालक दुधवा महावीर सिंह के साथ ही सोनारीपुर, किशनपुर के रेंजर, पर्यटन सहित अन्य अधीनस्थ वनकर्मी, जिप्सी-जिनॉन चालक व गाइड मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद वनकर्मी। ● अमृत विचार

- **अपर मुख्य वन संरक्षक ने बैठक कर वनकर्मियों को दिए निर्देश**

# लखनऊ जंक्शन तक नहीं जाएगी रामनगर लखनऊ समर स्पेशल

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार** : प्रत्येक शुक्रवार और शनिवार को रामनगर से लखनऊ जंक्शन तक जाने वाली साप्ताहिक समर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन अब ऐशबाग जंक्शन तक ही जाएगी। ऐसे में लखनऊ जंक्शन तक जाने वाले मुसाफिरों की मंशा पर पानी फिर गया है।

गोरखपुर पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज सिंह ने बताया 26 अप्रैल से 29 जून तक हर शुक्रवार और शनिवार को रामनगर से लखनऊ जंक्शन तक चलने वाली साप्ताहिक समर एक्सप्रेस ट्रेन अब ऐशबाग तक ही जाएगी। बता दें कि लखनऊ जंक्शन तक जाने वाली ट्रेन के संचालन को लेकर जिलेवासी काफी खुश थे। मगर, रेलवे की ओर से इसका संचालन ऐशबाग तक होने का आदेश जारी होने से एक बार फिर निराशा हाथ लगी है।

# स्टेट सर्विलांस ने हीटवेव से बचाव की देखी तैयारी



आशाओं को बीमारियों से बचाव के प्रति प्रेरित करते स्टेट सर्विलांस अधिकारी।



जिला अस्पताल के हीटवेव वार्ड में स्टाफ से जानकारी लेते डॉ. शैलेष परिहार।

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** हीटवेव से लेकर डेंगू, मलेरिया से निपटने की तैयारियों का जायजा लेने के लिए स्टेट सर्विलांस अधिकारी डॉ. शैलेश परिहार शनिवार को जिला अस्पताल पहुंचे।

उन्होंने वातानुकूलित हीटवेव वार्ड के साथ डेंगू वार्ड का निरीक्षण किया। वार्ड में मौजूद दवाओं की उपलब्धता देखकर अस्पताल प्रशासन की प्रशंसा की। जिला मलेरिया अधिकारी हरिशंकर ने बताया कि स्टेट सर्विलांस अधिकारी जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. आरके कोली के साथ हीटवेव के मरीजों के लिए बनाए गए वार्ड पहुंचे। वहां तैनात स्टाफ से दवाओं की उपलब्धता आदि की जानकारी लेकर वातानुकूलित वार्ड, उसकी साफ सफाई सहित मौजूद ऑक्सीजन कंसेलटेटर, ऑक्सीजन सिलेंडर आदि की क्रियाशीलता चेक की। व्यवस्थाएं चाक चौबंद मिलने पर प्रसन्नता जाहिर की।

इसके अलावा उन्होंने बुखार के मरीजों की किट से मलेरिया जांच करने, पुष्टि होने पर एलाइजा टेस्ट करने के अलावा पर्चा काउंटर के पास फीवर हेल्प डेस्क बनाने के लिए कहा। इसके बाद उन्होंने सीएचसी फरधान पहुंचकर चार बेड के हीटवेव वार्ड का निरीक्षण कर आशा वर्करों को हीटवेव, मलेरिया, डेंगू आदि बीमारियों से बचाव के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय ईएमओ डॉ. ललित वर्मा, फार्मासिस्ट सहदेव सचान, मेट्रेन रजनी मसीह, फार्मासिस्ट अमरेंद्र सिंह और फरधान में सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई आदि मौजूद रहे।

- **फरधान सीएचसी में आशाओं को हीटवेव आदि से बचाव का प्रचार करने के दिए निर्देश**

# मोहम्मदी सर्किल में 7625 लोग पाबंद नौ जिला बदर

**मोहम्मदी, अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव को लेकर मोहम्मदी सीओ सर्किल के तीन थानों की पुलिस ने 7625 लोगों को पाबंद किया है। नौ लोग जिला बदर किए गए हैं। वहीं 2400 शस्त्र लाइसेंस जमा कराए।

सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि कोतवाली मोहम्मदी में 3442, पसगवां में 2510 और उचौलिया में 1073 लोगों को पाबंद किया गया है। तीनों थानों में मिनी गुंडा एक्ट के तहत 109 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। गुंडा एक्ट के तहत 34 लोग पाबंद किए गए हैं। तीनों थानों में चार लोगों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई हुई। मोहम्मदी में एक व उचौलिया में आठ लोगों को जिला बदर किया है।

# निजी स्कूलों में प्रवेश, तो नहीं मिलेगी राष्ट्रीय आय एवं योग्यता छात्रवृत्ति

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** प्रतिभा किसी संसाधन की मोहताज नहीं होती है और न ही इसमें गरीबी आड़े आती है। इस बात को चरितार्थ किया है राजकीय एवं सहायता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले होनहारों ने। छात्रों ने न सिर्फ राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण कर अपनी मेधा प्रदर्शित की है, बल्कि इंटर तक की पढ़ाई पर होने वाले खर्च का भी इंतजाम किया है।

हालांकि छात्रवृत्ति का लाभ सरकारी स्कूल से हाईस्कूल और इंटर करने वाले छात्रों को ही मिलेगा। डीआईओएस कार्यालय के अभय अग्निहोत्री ने बताया कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का रिजल्ट गुरुवार को जारी हुआ। इसके लिए जिले को 318 सीटें आवंटित थीं, जिस पर इस बार शत-प्रतिशत बच्चों का चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि यह परीक्षा सिर्फ गरीब मेधावियों के लिए होती है। इसमें राजकीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं ही आवेदन कर सकते हैं। पिछले साल 315 बच्चों का चयन हुआ था, लेकिन इस बार शत-प्रतिशत बच्चे चयनित हैं। इन मेधावियों को कक्षा नौ से इंटर तक हर माह एक हजार रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी, जिससे छात्र-छात्राएं पढ़ाई का खर्च स्वयं उठा सकेंगे।

- **निर्धारित 318 सीटों पर शत प्रतिशत विद्यार्थी हुए चयनित**

### सरकारी स्कूलों में पढ़ने पर ही मिलेगी छात्रवृत्ति

अभय अग्निहोत्री ने बताया कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना में सिर्फ सरकारी स्कूलों के छात्र ही आवेदन कर सकते हैं। इसमें उत्तीर्ण होने वाले मेधावियों को इंटरमीडिएट तक चार साल हर माह एक हजार रुपये यानी साल में 12 हजार रुपये छात्रवृत्ति मिलती है। मगर, यह तभी मिलेगी जब छात्र राजकीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालय से ही कक्षा नौ से लेकर इंटर तक की पढ़ाई करेगा। निजी स्कूल में प्रवेश लेने पर छात्रवृत्ति मिलना बंद हो जाएगी।

# सड़क दुर्घटना में पांच घायल, दो रेफर

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार** : मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम खजुआ मूडा निवासी शिवम (18) पुत्र रमेश कुमार, शाहजहांपुर जिले के थाना खुटार के ग्राम नवदिया नवाजपुर निवासी रजिया (19) पुत्री आजाद, कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अर्जुनपुर निवासी शिवशरण (45) पुत्र बासू, पसगवां थाना क्षेत्र के ग्राम भखनेरापुर निवासी पुनीत कुमार (17) पुत्र सुरेश कुमार और भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम सुर्जनपुर निवासी राममोनी (65) पत्नी जगदीश सड़क दुर्घटना में घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टरों ने रजिया, पुनीत कुमार को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# धर्म, जाति के नाम पर बांट रही भाजपा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार** : खीरी लोकसभा क्षेत्र से बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा ने शनिवार को श्रीनगर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में जनसंपर्क किया। नुक्कड़ सभाओं और गांवों में बैठक कर कहा कि भाजपा लोगों को धर्म और जाति के नाम पर बांट रही है, लेकिन इस बार यह चाल नहीं चलेगी।

बसपा प्रत्याशी ने गांव रानीगंज में लोगों से मुलाकात की और बसपा के पक्ष में वोट डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कांशीराम की विचारधारा को आगे बढ़ाया है, जिससे दलित समाज का उत्थान हुआ है। बसपा की विचारधारा बाबा साहब आंबेडकर के विचारों पर आधारित है, जो समाज में समानता और न्याय के प्रति प्रेरित करती है। कहा कि वर्तमान में देश में महंगाई और बेरोजगारी की समस्या तेजी से बढ़ रही है, जबकि भाजपा सरकार धर्म और जाति के आधार पर लोगों को बांट रही है। इस संघर्ष में, बसपा ही एकमात्र ऐसा राजनीतिक दल है जो दलितों, पिछड़ों, और अन्य समाज के वर्गों को उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए संघर्ष कर रहा है। अंशय कालरा ने बसपा के पक्ष में डालने की अपील की।



गांव रानीगंज में लोगों को संबोधित करते बसपा प्रत्याशी अंशय कालरा। ● अमृत विचार

# ब्लड सेल्स काउंट मशीन खराब, नहीं हो पा रही जांच

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिला अस्पताल में पैथोलॉजी की ब्लड काउंट मशीन खराब हो गई है। इससे दूर दराज से आने वाले मरीजो की जांच नही हो पा रही है। इससे मरीजों की परेशानी बढ़ गई है।

जिला अस्पताल में रोजाना करीब 1200 पर्चे बनते हैं। इनमें तमाम मरीज सर्दी, जुकाम, बुखार के होते हैं। जिनको डॉक्टर खून की जांच कराने के लिए लिखते हैं, लेकिन पैथोलॉजी में लगी ब्लड सेल्स काउंट मशीन खराब होने से मरीजों की जांच नहीं हो पा रही है। पैथोलॉजी के कर्मचारी के मशीन का मोटर खराब होना बता रहे है। ऐसे में मरीज बाहर से जांच कराने के लिए मजबूर हैं। ऐसे में तीमारदारों को जेब ढीली करनी पड़ रही है। विभागीय लोग बताते हैं कि मशीन तीन चार दिन से खराब है, लेकिन अभी तक जिम्मेदारों ने इसे ठीक कराने की सुधि नहीं ली है। इससे निःशुल्क जांच और इलाज की उम्मीद लेकर जिला अस्पताल आने वाले मरीजों को मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है।

- **रोजाना 200 से 300 मरीजों की जांच प्रभावित**

"मशीन ठीक करवाने के लिए संबंधित कंपनी को अवगत करा दिया है। सोमवार को इंजीनियर आकर मशीन ठीक करेगा। -**डॉ. आरके कोली**, सीएमएस जिला अस्पताल

# कोटेदार के घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**निघासन।** नगर के पलिया रोड से होकर फायर स्टेशन जाने वाले रास्ते पर मदनापुर कोटेदार ओम प्रकाश गुप्ता का आवास है। दोपहर में घर के बाहर खड़ी उनकी बाइक चोरी हो गई। वह जब घर के बाहर निकले तो बाइक गायब मिली। उन्होंने घटना की तहरीर पुलिस को दी है। प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्र ने बताया कि जांच कराई जा रही है।

# राकिशसं की किसान महापंचायत स्थगित

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन की एक मई को सहकारी गन्ना विकास समिति प्रांगण में होने वाली किसान महापंचायत को अनुमति न मिलने के चलते स्थगित कर दिया गया है।

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा और जिला अध्यक्ष मनोज कुमार फौजी ने बताया कि 15 अप्रैल को जिलाधिकारी के नाम एसडीएम रत्नाकर मिश्र को दिए ज्ञापन में एक मई को किसान महापंचायत की अनुमति मांगी थी। किसान महापंचायत में चीनी मिल से गन्ना भुगतान, किसानों पर बाघ, तेंदुआ और हाथियों के हमले, फसलों को निराश्रित गोवंशीय पशु, जंगली सुअर और नीलगाय से बचाने के मुद्दे थे। एसडीएम रत्नाकर मिश्र ने उन्हें फोन कर बताया है कि आचार संहिता के कारण अनुमति मिल पाना मुश्किल है। इस कारण संगठन की वर्चुअल बैठक में निर्णय लिया गया है कि किसान महापंचायत की अनुमति न मिलने से महापंचायत को स्थगित कर दिया गया है।

**सेहत की बात**

गर्मी का सीजन शुरू होते ही घड़ों की बढ़ गई मांग, टोंटी और बिना टोंटी के बिक रहे घड़े

# सेहत के लिए फ्रिज का नहीं, घड़े का शीतल पानी है लाभकारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार** : गर्मी का प्रकोप दिन पर दिन तेज हो रहा है। गर्म हवाएं तन झुलसाने के साथ हलक तक सुखा रही हैं। इससे लोगों को पल-पल पर पानी की जरूरत पड़ रही है। ऐसे में प्यास बुझाने के लिए लोग फ्रिज के पानी का उपयोग कर रहे हैं, जो प्यास ढंग से न बुझाकर गले को खराब कर रहा है। आयुर्वेद चिकित्सक के मुताबिक मटके का पानी प्यास ही नहीं बुझाता, बल्कि शरीर को कई बीमारियों से भी सुरक्षित रखता है।

वर्तमान दौर में हर घर में फ्रिज है। लोग पीने के लिए इसी के पानी का उपयोग कर रहे हैं। मगर, मटके के पानी की बात ही कुछ और है। जैसे-जैसे गर्मी बढ़ रही है वैसे-वैसे घड़ों की मांग भी बढ़ने लगी है। इसकी वजह इन मटको का इको फ्रेंडली होने के साथ इसका पानी सेहत के लिए फायदेमंद होता है। यही वजह है कि बाजार में लोग घड़ों से लेकर सुराही, बोतल आदि की खरीदारी कर रहे हैं। मिट्टी के बर्तन विक्रेता राजू बताते हैं कि गर्मी बढ़ने से प्रतिदिन 15 से 20 मटके बिक जाते हैं। इसमें तीन से चार घंटे में पानी ठंडा हो जाता है। यदि बहुत ज्यादा ठंडा पानी पीने के आदी हैं तो मटके को टाट की बोरी आदि को पानी में भिगोकर लपेट दें और फिर उसे छांव में रख दें। बाजार में बिक रहे घड़े व सुराही की कीमत 60 रुपये से लेकर 300 रुपये तक है



मिट्टी के बर्तनों की दुकान पर घड़ा खरीदती महिला। ● अमृत विचार

### इनमें फायदा पहुंचाता है घड़े का पानी

- गैस की समस्या से राहत।
- स्किन के लिए फायदेमंद।
- खुजली, मुंहासे, एलर्जी से होता है बचाव।
- लू से बचाव।
- शरीर में ग्लूकोज के स्तर को बनाए रखने में मदद करता है।
- शरीर से बैड कोलेस्ट्रॉल कम करने के साथ ब्लड सर्कुलेशन नियंत्रित रखता है।
- मिट्टी में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होने से दर्द व सूजन में देता है राहत।

### सेहतमंद रहने के लिए पीयें मटके का पानी



क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरवंश बताते हैं कि घड़े में छिद्र होने से वाष्पीकरण होता है, जिससे इसका पानी ठंडा रहता है। इस पानी में क्षारीय गुण होने से शरीर का पीएच मेंटेन रहता है, जिससे गैस, एसिडिटी, जलन उच्च रक्तचाप एवं वजन नियंत्रित रहने के साथ हीमोग्लोबिन तक दुरुस्त रहता है। घड़े का पानी तृष्णा शामक होता है। इससे मेटाबॉलिज्म सही रहता है अर्थात कब्ज की समस्या दूर रहती है वहीं इसके पानी का सेवन करने से हृदय रोग होने की आशंका भी कम हो जाती है। वहीं रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होने से बीमारियां दूर रहती हैं। घड़े का पानी गर्भवतियों के लिए अत्यंत लाभदायक है। घड़े के पानी का सेवन करने से कफ की समस्या नहीं होती, जबकि फ्रिज के पानी से कफ की समस्या के अलावा गला खराब होना, जुकाम होने की समस्याएं हो जाती हैं।

